मेरी सुन लो मारुती नंदन काटो मेरे दुःख के बंधन

मेरी सुन लो मारुती नंदन, काटो मेरे दुःख के बंधन,
हे महाबीर बजरंगी, तुम्हे कहते है दुःख भंजन ।

मुझ पर भी करुणा करना मैं आया शरण तिहारी,
मैं जोड़े हाँथ खड़ा हूँ तेरे दर का बना भिखारी ।
तुम सबसे बड़े भंडारी मैं पानी तुम हो चन्दन,
हे महाबीर बजरंगी तुम्हे कहते है दुःख भंजन ॥

तेरा नाम बड़ा दुनिया में, सब तेरा ही गुण गए,
इस जग के सब नर नारी चरणों में शीश नवाये ।
करो भाव से पार मुझे भी, हे बाबा संकट मोचन,
हे महाबीर बजरंगी तुम्हे कहते है दुःख भंजन ॥

मैंने तेरी आश लगायी, बाबा हनुमान गोसाई,
जब भीड़ पड़ी भक्तो पे तूने ही करी सहाई ।
भक्तो ने करी दुहाई प्रभु दीजो मोहे दर्शन,
हे महाबीर बजरंगी तुम्हे कहते है दुःख भंजन ॥

पोस्ट किया :- अनिल मिश्रा

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1548/title/meri-sun-lo-maruti-nandan-kato-mere-dukh-ke-bandhan-tumhe-kehte-hain-dukh-bhanjan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |